ओलावृष्टि गेंहू की फसलों एवं संतरा उत्पादक किसानों की फसल खराब होने से इनकी चिंताए बढ़ गई है

अचानक बदला मौसम का मिजाज,रिमझिम बारिश के साथ बरसे ओले

नवभारत न्यूज,
पांढुरना,19 मार्च, जिले के नांदनवाडी,अंबाड़ा सहित आसपास के ग्रामों में गुरूवार के दोपहर को बैमौसम बारिश के साथ ही सोयाबीन के आकार के ओले भी गिरे,जिससे जहां एक और लोगों को इस भीषण गर्मी से राहत मिली वहीं दूसरी और किसानों के खेतों तथा खलियानों में रखी गेंहू की फसलों एवं संतरा उत्पादक किसानों की फसल खराब होने से इनकी चिंताए बढ़ गई है।

वैसे तो बीते दो दिनों से आसमान में छाए बादलों के चलते सूर्य देवता के लुक्का छिप्पी के चलते मौसम बदला-बदला सा रहा, हांला कि इससे सूर्य की तेज तपन कम होने से लोगों को भीषण गर्मी से राहत ही मिल रहीं है,गुरूवार को भी सुबह से

आसमान में बादल छाए रहे,वहीं दोपहर बाद पांढुरना जिले के ग्राम नांदनवाडी,अंबाडा सहित आसपास के ग्रामों में लगभग 15 से 20 मिनट तक कहीं रिमझिम तो कहीं झमाझम बारिश भी हुई इस दौरान लगभग दस मिनट तक सोयाबीन,चन्नें के आकार के ओले भी गिरे जिससे जमीन पर सफेद चादर से बिछ गई है,जिससे मौसम में पूरी तरह ठंडक सी महसूस होने लगी,वहीं इस बैमासमी बारिश तथा ओले गिरने से क्षेत्र के गेंहू ,चन्ना तथा संतरा उत्पादक किसानों की चिंताए बढ़ा दी है।

उल्लेखनीय हो कि प्रदेश की अंतिम सीमा पर स्थित इस पांढुरना के कृषक बाहुल्य किसानों ने अपने-अपने खेतों से हाल ही में गेहूं की फसल काटकर इसे खलियान में सुरक्षित रख दी है,जिन जिन किसानों को थ्रेशर मशिने मिल रहीं है,वह तो जल्दी से जल्दी गेंहू निकालकर इसे बोरे में भर घरों पर सुरक्षित पहुंचा रहे है,लेकिन जिन किसानों को खेतिहर श्रमिक नहीं मिल पा रहे है,ऐसे कई किसानों के खेतों में अभी भी फसलें काटानी शेष है। वहीं इस बदले मौसम को देख खेतिहर श्रमिकों की मांग बहुत अधिक बढ़ गई है।

वहीं संतरा उत्पादक किसानों के बागानों में संतरा फलों की फसलें भी पूरी तरह पक्क कर तैयार है,इस बदलते मौसम को देख इन संतरा उत्पादक किसानों द्वारा व्यापारियों को जल्दी से जल्दी यह फसल बेचने में लग गए है। क्यू की इस बेमौसम बारिश,आंधी तूफान तथा ओले से सर्वाधिक क्षति क्षेत्र के संतरा उत्पादक किसानों को ही होता है,इस बदलते मौसम से संतरा पेड़ से संतरे नीचे जमीन पर टपकने लगते है,जिसके बाद यह संतरा फल जल्दी ही खराब हो जाते है जो खाने योग्य नहीं रहते ।

हिन्दू नववर्ष गुड़ीपाड़वां के साथ चैत्र नवरात्र की हुई शुरुआत

दुर्गा मंदिरो में हुई मनोकामना कलश की स्थापना

रामाकोना। संतो की नगरी श्री तीर्थ क्षेत्र रामाकोना के अंतर्गत आने वाले सभी दुर्गा माता के मंदिरो मे प्रतिवर्षा नुसार इस वर्ष ही चैत्र नवरात्री के पावन पर्व पर मनोकामना कलश की स्थापना की गयी. गुड़ीपाड़वा हिंदू नववर्ष के साथ ही चैत्र नवरात्री की शुरुआत होजाती है इस अवसर पर ग्राम रामाकोना तीर्थ क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बड़ी बंजारी माता मंदिर, छोटी बंजारी माता मंदिर, गौमुख भूमेश्वरी माता मंदिर इसके अलावा ग्राम के वार्ड क्रमांक 17 दुर्गा कॉलोनी स्थित दुर्गा माता मंदिर मे ग्राम के पटेल कृष्णकुमार कापटे की प्रमुख उपस्थिति मे मनोकामना कलश की स्थापना की गयी. इसके साथ साथ ग्राम के नवनिर्मित श्री राज राजेश्वरी दुर्गा माता मंदिर मे दुर्गा समिति द्वारा तथा सटवा माता मंदिर मे भी कलश स्थापना की गयी .छोटी बंजारी माता मंदिर के विलास चौरागड़े के जानकारी देते हुए बताया की प्रतिवर्षा नुसार इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर मन्त्रोंचार के साथ मनोकामना कलश की स्थापना की गयी. बताया की मातारानी के ऐसे बहुत से भक्तगण है जो मातारानी के दरबार मे प्रतिवर्ष मनोकामना कलश की स्थापना करते है.

जनप्रतिनिधियों के साथ जाम नदी तट की साफ- सफाई

प्रदेश के ऊर्जा एवं जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत स्वच्छता एवं जल संरक्षण का संदेश

नव भारत न्यूज
पांढुरना,19 मार्च, जिला पांढुरना में जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत जिला मुख्यालय पर जाम नदी गोटमार ब्रिज राम घाट से की गई। यह अभियान जल स्त्रोतों के संरक्षण, नदियों की स्वच्छता, भूजल स्तर में सुधार एवं जनभागीदारी के माध्यम से पर्यावरण संतुलन बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो समाज में जल के महत्व को रेखांकित करता है। इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री एवं ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने अभियान का शुभारंभ करते हुए स्वयं नदी तट पर सफाई कर श्रमदान किया तथा आमजन को जल संरक्षण एवं स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन का आधार है और इसकी सुरक्षा प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक

संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

कार्यक्रम में जाम नदी एवं उसके तटों की साफ-सफाई जनभागीदारी के साथ की गई, जिसमें जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं सामाजिक संगठनों ने मिलकर सक्रिय योगदान दिया। अभियान के माध्यम से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं जल संवर्धन के प्रति व्यापक जागरूकता का संदेश दिया गया।जिला पांढुर्णा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत निरंतर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिससे जनसहभागिता के जरिए इस अभियान को प्रभावी रूप से सफल बनाया जा सके।

इस अवसर पर कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक सुंदर सिंह कनेश,जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड़, नगर पालिका परिषद पांढुर्णा अध्यक्ष संदीप घाटोड़े, एसडीएम पांढुर्णा श्रीमती अल्का एक्का, तहसीलदार विनय ठाकुर,मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजकुमार ईवनाती, सहायक यंत्री सोनू सकवार, स्वच्छता लिपिक रवि चौधरी, नगर पालिका परिषद के पार्षदगण एवं सभापति गण सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री निवास पर गूंजी पांढुर्णा की संस्कृति, मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कलाकारों के प्रदर्शन पर किया पुरस्कृत

नवभारत न्यूज़
सौंसर 19 मार्च. मराठी साहित्य अकादमी भोपाल के तत्वावधान में आयोजित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में पांढुर्णा जिले के कलाकारों ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निवास पर आयोजित इस आयोजन में कलाकारों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। जनजागृति कला मंदिर बेरडी के कलाकारो ने भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं को जीवंत करते हुये मनमोहक प्रस्तुति दी। संस्था प्रमुख एवं साहित्यकार, लेखक ष्यामराव करडभाजने के निर्देशन में वारकरी दिंडी के साथ सजीव एवं आकर्षक झांकी प्रस्तुत की गई। मृदंग और झांझ की गुंज पर अन्य जिले से आये कलाकर भी इस प्रस्तुति में तल्लीन होकर झूम उठे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कलाकरों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुये उनके प्रयासों को संस्कृति संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। कडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच भी उन्होने आत्मीयता से कलाकारों के बीच पहुचकर उनका उत्साहवर्धन किया। अवसर पर मुख्यमंत्री ने कलाकारों की पूरी टोली को महाकाल नगरी उज्जैन में प्रस्तुति देने हेतू आमंत्रित किया। जिससे कलकारों में नया उत्साह संचारित हुआ है। ष्यामराव करडभाजने के नेतृत्व में अरविंद कड़ू, बंडू शेंडे, संजय कपाले, रोशन हिवसे, शेषराव मोवले, राजेन्द्र भांडे, देवेन्द्र करडभाजने, दिलीप रूंघे, सुधाकर गुर्वे, हर्षद मस्के आदि कलाकारों की टोली ने प्रस्तुति दी। इस प्रस्तुति ने न केवल पांढुर्णा जिले का नाम रोशन किया, बल्कि क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदेश स्तर पर नई पहचान दिलाई।

खापरखेड़ा में तेंदुयें ने किया गाय के बछड़े का शिकार

सौंसर 19 मार्च.औद्योगिक क्षेत्र के ग्राम खापरखेडा में उस समय हडकंप मच गया जब किसान गणेश पिता भैयाजी चौधरी के खेत में तेंदुयें ने घुसकर गाय के बछडे का शिकार कर लिया। इस घटना के बाद पूरे गावं में भय और दहशत का माहौल व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तेंदुआ बुधवार-गुरूवार की मध्यरात्री खेत में आया और बछडे को अपना शिकार बना लिया। सुबह जब किसान गणेश खेत पहुचा तो उसे बछडा मृत अवस्था में पाया। घटनास्थल पर बछडे के अवशेष मिलने से तेंदुए की मौजूदगी की पुष्टि हुई। जिससे ग्रामीणों में और अधिक डर बैठ गया है। तेंदुए के गांव के नजदीक पहुचनें से लोग अपने खेतो में जाने से कतरा रहे है। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुची और जांच षुरू कर दी है। टीम द्वारा आसपास के क्षेत्र में सर्चिंग की जा रही है तथा तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुये को जल्द पकडने, पिंजरा लगाने एवं क्षेत्र में गष्त बढाने की मांग की है।

तेज रफ्तार वाहन ने दो बाइकों को मारी टक्कर, हादसे में पुत्र की दर्दनाक मौत, पिता सहित अन्य दो गंभीर

नवभारत न्यूज
सौसर 19 मार्च , हाईवे पर हेरिटेज लॉन के पास गुरुवार को एक भीषण सड़क हादसा घटित हुआ। एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने दो मोटरसाइकिलों को जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके पिता अन्य दो गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

हादसे का विवरण

जानकारी के अनुसार, वाघोड़ा निवासी नामदेव शेडामें अपने पुत्र पिंटू 40 साल के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर सौसर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान हेरिटेज लॉन के समीप तेज गति से आ रहे एक वाहन ने उनकी बाइक सहित एक अन्य मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिंटू शेडामें ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

अस्पताल में उपचार जारी

घटना में पिता नामदेव शेडामें को गंभीर चोटें आई हैं। राहगीरों और सूचना पर पहुंची पुलिस की मदद से घायल को तत्काल सौसर के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनका उपचार जारी है। हादसे के बाद घटनास्थल पर काफी भीड़ जमा हो गई थी।

पुलिस जांच शुरू

सूचना मिलते ही सौसर पुलिस ने मौके पर पहुँचकर शव को कब्जे में लिया और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस फरार वाहन और उसके चालक के तलाश में जुट गई है।

नागपुर में सम्राट अशोक जयंती पर व्याख्यान एवं राष्ट्रीय कवि सम्मेलन 26 को

क्रांतिकारी साहित्यकार एस.आर. शेंडे करेंगे कवि सम्मेलन की अध्यक्षता

नवभारत न्यूज
सौसर 19 मार्च- मूल्यसंगर साहित्य विचार मंच के तत्वावधान में चक्रवर्ती सम्राट अशोक जयंती के उपलक्ष्य में आगामी 26 मार्च को वर्धा रोड स्थित डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सांस्कृतिक सभागृह में भव्य व्याख्यान एवं राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।दोपहर 2 बजे से शुरू होने वाले इस गरिमामय कार्यक्रम के प्रथम सत्र में सम्राट अशोक की बुद्ध धम्म निष्ठा विषय पर एड. रमेश शंभरकर की अध्यक्षता में प्रा. संध्या राजुरकर संपादक, बहुजन सौरभ का व्याख्यान होगा। वहीं, सुप्रसिद्ध इतिहासकार प्रा. जावेद पाशा कुरैशी सम्राट अशोक के तत्वज्ञान का भारतीय संविधान में प्रतिबिंब विषय पर अपना मार्गदर्शन देंगे।

द्वितीय सत्र में देश के विभिन्न हिस्सों से आए कवियों का विराट कवि सम्मेलन आयोजित है। इसकी अध्यक्षता राष्ट्रपति पुरस्कृत एवं आकाशवाणी के ख्यातिप्राप्त क्रांतिकारी साहित्यकार एसआर. शेंडे सौंसर करेंगे। सेवानिवृत्त अपर महानिदेशक सुदर्शन पनतोडे की विशेष उपस्थिति में ज्योत्सना बंसोड, रजनी संबोधि, विक्रांत काम्बले सहित देश भर के आमंत्रित कवि अपनी रचनाएँ प्रस्तुत करेंगे।

प्रभारी मंत्री तोमर ने घोघरा घाट पर श्रमदान एवं विद्युत व्यवस्था का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज़
पिपला नारा.वार 19 मार्च. पांढुर्णा जिले के अल्प प्रवास पर पहुचें जिले के प्रभारी एवं ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिह तोमर ने जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जाम नदी के घोघरा घाट पर स्वच्छता सेवा कार्यक्रम एवं श्रमदान किया। अवसर पर घाट की स्वच्छता में जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड, प्रदेश प्रवक्ता एड अजय धवले, भाजपा नेता मोरेष्वर मर्सकोले, जिला महामंत्री देवेन्द्र गायकवाड, एसडीएम सिद्धार्थ पटेल, सरपंच प्राची बबलू केचे, वासुदेवानंद महाराज सहित कार्यकर्ताओं के अलावा ग्रामीण उपस्थित थे। सभी ने मिलकर व्यापक सफाई अभियान चलाया। श्री तोमर ने स्वयं श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया और कहा कि, नदियाँ केवल जल का स्त्रोत नही, बल्कि हमारी आस्था, परंपरा और जीवनधारा है। इनका संरक्षण एवं स्वच्छता हम सभी का सामूहिक दायित्व है। उन्होने जनमानस से आव्हान किया कि, जल संरक्षण एवं स्वच्छता अभियान को जन-जन तक पहुचाकर इसे जनादोलन का स्वरूप दिया जाये। इसके पष्चात प्रभारी मंत्री श्री तोमर ने घोघरा घाट के समीप स्थित विद्युत ट्रांसफार्मर का निरीक्षण करते हयु उसके रखरखाव एवं विद्युत व्यवस्था को सुचारू बनाये रखने हेतू नियमित एवं समयबद्ध मेंटनेस कार्य सुनिष्चित करने के निर्देश उपस्थित अधिकारियो को दिया। उन्होने कहा कि, प्रदेश की जनता को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्चा प्राथमिकताओं में शामिल है।

वही प्रभारी मंत्री श्री तोमर ने चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर जामसांवली धाम में पहुचकर पुजा अर्चना की तथा प्रसादम सेवा में प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मंदिर संस्थान अध्यक्ष गोपाल शर्मा सहित ट्रस्ट कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित थे।

ईश्वरीय विश्वविद्यालय में सम्पन्न प्रभू मिलन भवन का उद्घाटन

सौंसर 19 मार्च.प्रजापिता ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विद्याविद्यालय परिसर में प्रभू मिलन भवन का उदघाटन सम्पन्न हुआ। अवसर पर विधायक विजय रेवनाथ चौरे, पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड, जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड, नगर पालिका अध्यक्ष सुरेखा इदरचंद्र डागा, पूर्व नगराध्यक्ष संजय राठी, सतीश बोडखे, सोनबा झाडे के अलावा बी के भावना दीदी जबलपुर, सुरेखा दीदी सावनेर, गणेशी दीदी छिंदवाडा, स्मिता दीदी पांढुर्णा, भारती दीदी अमरवाडा, मंगला दीदी मंचासीन थे। स्वागत गीत के माध्यम से अतिथियों का अभिवादन किया गया। अतिथियों हस्तें भवन का उदघाटन किया गया। वक्ताओं ने इसे क्षेत्र के लिये एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक उपलब्धि बताया। इसके पश्चात भव्य रैली निकली निकली।

बोरगांव में यज्ञ का शंखनाद ,निकली भव्य जल कलश यात्रा

बोरगांव 19 मार्च . बोरगांव रेमंड में 24 कुंडिय गायत्री महायज्ञ एवं मां गायत्री के प्राण प्रतिष्ठा समारोह चार दिवसीय आयोजन में पहुंची हजारों पित वस्त्र धारी बहने प्राण प्रतिष्ठा ब्रह्मवादिनी बहनों (हरिद्वार) के द्वारा संपन्न होगी। कलश यात्रा का प्रारंभिक देवपूजन ग्राम सरपंच पंकज दातारकर, सेवकराम गमे , केशवराव ताजने ने संपन्न कियाकलश यात्रा में चरण पादुका के साथ तामीया का शैला नृत्य, ढोल ताशे, डांडिया , प्रज्ञागीत विभिन्न आकर्षक झाकियों का एक अदभुत समागम गायत्री प्रज्ञापीठ संचालक उमाजी चिपड़े ने बताया कि प पूज्य गुरुदेव की दिव्य प्रेरणा से यह कार्य संभव हो रहा समस्त ग्रामवासियों और तहसील के गायत्री परिजनों और जनप्रतिनिधियों का विशेष योगदान रहा है। चार दिवसों में 25000 से अधिक परिजनों के सम्मिलित होने की संभावना हैं।

छात्रा कुमारी हिरल रेवतकर का जवाहन नवोदय विद्यालय के कक्षा 6 वी में हुआ चयन

पांढुरना,नगर के शासकीय सांदीपनि विद्यालय की छात्रा कुमारी हिरल वासुदेव रेवतकर का जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा 6 वी चयन हुआ है,छात्रा की इस सफलता पर इसके परिजनों के साथ ही शिक्षकों,सहपाठी मित्रों ने इस बधाई दी है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा 6 वी में प्रवेश के लिए आयोजित कि गई परीक्षा में जिले के अन्य विद्यालय के छात्रों की तरह ही पांढुरना नगर जिला मुख्यालय की शासकीय सांदीपनि विद्यालय की कक्षा पांचवी की छात्रा द्वारा भी इस चयन परीक्षा में शामिल हुई थी,जिसके द्वारा उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त होने पर इस छात्रा का जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा 6 वी प्रवेश हतू चयन हुआ है ।छात्रा कुमारी हिरल पिता वासुदेव रेवतकर की इस सफलता पर शासकीय सांदीपनि स्कूल के प्रधानाध्यापक प्रदीप डोबले, शिक्षिका प्रियंका काले,शिवानी खंडागले,अंकिता घटकरे,प्रफुल्ल देशमुख सहित इनके अभिभावक,रिश्तेदारों तथा सहपाठी मित्रों द्वारा इसे बंधाई देते हुए इसके उज्जवल भविष्य की ईश्वर से प्रार्थना की गई।

बड़चिचोली में जनप्रतिनिधि,अधिकारियों ने तालाब का गहरीकरण कर किया श्रमदान

पांढुरना,19 मार्च, प्रदेशव्यापी आह्वान पर पांढुर्णा जिले में जल संरक्षण की दिशा में आज एक बड़ी शुरुआत हुई। कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के मार्गदर्शन में जिले की 72 ग्राम पंचायतों में एक साथ जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया गया। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत बड़चिचोली में जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता और सहभागिता का अनूठा उदाहरण देखने को मिला। बड़चिचोली में इस अभियान के अंतर्गत स्थानीय तालाब से गाद निकालने और उसके गहरीकरण का कार्य जनसहयोग से प्रारंभ किया गया। इस दूरदर्शी पहल का मुख्य उद्देश्य लुप्त होते जल स्त्रोतों का पुनरुद्धार करना, भूजल स्तर में सुधार लाना और भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

गरिमामयी उपस्थिति में हुआ शुभारंभ : जिले में जल संरक्षण कार्यों को प्राथमिकता दे रहे कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान और उत्साह के साथ किया गया।

उपस्थित गणमान्य : इस अवसर पर मुख्य रूप से कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ, विधायक नीलेश उइके, पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड, जनपद अध्यक्ष श्रीमती लता बाई तुमड़ाम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती बंदु सूर्यवंशी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुनंदा बाई डोंगरे, स्थानीय सरपंच, उपसरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

सौंसर के रिधोरा ग्राम में प्रभारी मंत्री ने किया श्रमदान, स्वच्छता का दिया संदेश

सौसर 19 मार्च - चैत्र नवरात्रि, वर्ष प्रतिपदा एवं गुड़ी पड़वा के पावन अवसर पर पांढुर्णा जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ प्रभारी मंत्री एवं ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर द्वारा किया गया। यह अभियान मुख्यमंत्री मोहन यादव के आह्वान पर प्रारंभ किया गया है, जिसका उद्देश्य जल स्त्रोतों का संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। इसी क्रम में सौंसर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत रिधोरा स्थित घोगरा घाट वॉटरफॉल में जल गंगा संवर्धन अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान घाट क्षेत्र की साफ-सफाई की गई तथा स्वच्छता अभियान चलाते हुए आसपास के पेड़-पौधों की कैरियों की भी सफाई की गई।प्रभारी मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने स्वयं श्रमदान कर लोगों को जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से संवाद कर जल स्त्रोतों के संरक्षण में जनभागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप भाऊ मोहोड़, वासुदेवानंद भारती महाराज घोंगरा, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सौंसर सिद्धार्थ पटेल, डिप्टी कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, सरपंच ग्राम पंचायत रिधोरा श्रीमती प्राची केचे, मोरेश्वर मरस्कोले सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

MJC SUC स.प्र.क्र. 08/25
पेशी ता. 22/04/2026
सक्सेशन सर्टीफिकेट मिलने के लिए दी हुई दरख्वास्त का नोटिस (इंडियन सक्सेशन एक्ट सन् 1925 की धारा 372)

समक्ष न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, सौंसर
(सचिन जैन)

1. रेखाबाई बेवा प्रकाश कोठे
निवासी- गायत्री वार्ड नं. 01 पिपला नारायणवार तहसील- सौंसर, जिला- पांढुर्णा म.प्र.
2. पायल पति विवेक काकडे (पिता स्व. प्रकाश कोठे)निवासी- अयोध्या नगर नागपुर
3. वैभव पिता स्व. प्रकाश कोठे
निवासी- वार्ड नं. 01 पिपला नारायणवार
तहसील- सौंसर, जिला- पांढुर्णा म.प्र.

विरूद्ध----
आवेदकगण
अनावेदक
सर्वसाधारण आम जनता
वाद के निपटारे हेतु समंस (आदेश 5 नियम 1 और 5).
प्रेषिती :- सर्वसाधारण आम जनता

आवेदकगणो ने सर्वसाधारण के विरूद्ध मृतक प्रकाश कोठे के सम्पत्ति हेतु ग्राम पिपला नारायणवार में स्थित आवासीय मकान एवं सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा पिपला नारायणवार तहसील सौंसर में जमा राशि प्राप्त किये जाने हेतु तथा ग्राम उराड़ तहसील वरूड जिला अमरावती महाराष्ट्र में ख.नं. 529 रकबा 0.0900 हे. के उत्तराधिकारी होने के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र मिलने हेतु अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अंतर्गत वाद क. एम.जे.सी./सक्से./08/2025 इस न्यायालय में संस्थित किया गया है, आपको इस न्यायालय में तारीख 22/04/2026 को दिन में 11:00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समंस किया जाता है, आप न्यायालय मे स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात ही सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधीत सभी सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नो का उत्तर दे सके। न्यायालय मे आपके उपसंजातीय के लिए जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिए नियत दिन है इसलिए आपको उस दिन उन सब साक्षियो को या उन सब दस्तावेजो को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है।

आपको सुचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय मे उपसंजात नही होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपके अनुपस्थिती मे किया जावेगा। यदि किसी कारणवश उक्त दिनांक को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है तो अगले कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवाई की जावेगी।

यह आज तारीख 13/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
सौंसर
दिनांक:-13-03-26

(सचिन जैन)
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, सौंसर
जिला छिंदवाड़ा

कार्यालय नगर परिषद लोधीखेडा
जिला पांढुर्णा म.प्र.

क्रमांक 1933/न.प./ प्र.आ./ 2025-26
लोधीखेडा दिनांक 18/03/2026

//दावा आपत्ति प्राप्त करने हेतु आवश्यक सूचना //

एतद् द्वारा समस्त नागरिको को सूचित किया जाता है कि नगरीय क्षेत्र लोधीखेडा के वार्ड क. 01 से 15 तक मध्यप्रदेश शासन नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 तृतीय डी.पी.आर. (बी.एल.सी. घटक) अंतर्गत कुल 19 ऑनलाईन प्राप्त आवेदनों के दस्तावेजो का मौके पर सत्यापन किये जाने के उपरांत 04 अपात्र हितग्राही व 15 पात्र हितग्राही पाये गये है, पात्र 15 हितग्राहीयों की सूची अनुमोदन हेतु वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित किये जाने के पूर्व दावे आपत्ति प्राप्त किया जाना है। अपात्र व पात्र हितग्राहीयों के विरुद्ध किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो दिनांक 19/03/2026 से दिनांक 25/03/2026 को समय 5 बजे तक प्रमाणित साक्ष्य सहित दावें आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

निर्धारित समय अवधि उपरांत किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी। दावा आपत्ति आमंत्रण किये जाने वाली अपात्र व पात्र हितग्राहीयों की सूची कार्यालय नगर परिषद लोधीखेडा के नोटिस बोर्ड पर आम चस्पा की गई है, जिसका अवलोकन कर निर्धारित समय अवधि में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद लोधीखेडा